आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.07.2026 समय : 1905

- समुद्री रक्षा को मिली नई शक्ति। आत्मनिर्भर भारत की रक्षा क्षमता को बढ़ावा देते हुए एक महीने में भारतीय नौसेना में चार अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत शामिल किए गए।
- कृषि तकनीक के नए समाधानों को बाजार तक पहुँचाने की पहल करते हुए केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान स्टार्टअप्स को इन्क्यूबेशन सहायता देगा।
- अंडमान निकोबार पुलिस का सबसे बड़ा बैडमिन्टन टूर्नामेंट सम्पन्न। पुलिस ने यूनिटी कप में दिया फिटनेस और नशामुक्त समाज का संदेश।
- वन्दे मातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष के उत्सव पर इतिहास और राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगेगी राजधानी श्री विजयपुरम, कालापानी से नेताजी तक की गाथा मंच पर जीवन्त होगी।

<><><><><><><>

देश की समुद्री रक्षा को मजबूत करने के लिए मात्र एक महीने में चार नई पीढ़ी के स्वदेशी नौसैनिक प्लेटफार्म भारतीय नौसेना में शामिल किए गए हैं। इनमें शामिल नवीनतम जहाज आईएनएस महेंद्रगिरी है, जो छठा नीलगिरी श्रेणी का स्टील्थ फ्रिगेट है। आईएनएस महेंद्रगिरी को इसी महीने की 11 तारीख को नौसेना में शामिल किया गया था। भारत सरकार ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले महीने की 21 तारीख को स्वदेश में डिजाइन और निर्मित तीन प्लेटफार्म आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रेय को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह युद्ध पोत प्रोजेक्ट 17–A के तहत बनाए गए हैं और इन्हें वायु सतह तथा पनडुब्बी रोधी अभियानों सहित बहुआयामी सैन्य अभियानों के लिए तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट 17–A भारतीय नौसेना का उन्नत स्टेल्थ फ्रीगेट कार्यक्रम है, जिसके तहत अगली पीढ़ी के साथ गाइडेड मिसाइल युद्ध पोतों का निर्माण किया जा रहा है। उच्च स्वदेशी कंटेंट के साथ निर्मित यह प्लेटफॉर्म आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं और देश के रक्षा विनिर्माण तंत्र को मजबूत करते हैं। यह सामूहिक रूप से समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ करते हैं, ब्लू इकोनामी को समर्थन देते हैं और देश को एक अग्रणी समुद्री शक्ति के रूप में और मजबूत बनाते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा कृषि यंत्रीकरण एवं कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों एवं स्टार्ट–अप्स से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पहल के अंतर्गत ऐसे नवाचारकर्ताओं को अवसर प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने इस क्षेत्र में नवीन प्रोटोटाइप अथवा न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद विकसित किए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचारकर्ताओं को तकनीकी परामर्श, इन्क्यूबेशन सुविधा तथा हैंडहोल्डिंग सहायता उपलब्ध कराकर उनके व्यावसायिक विचारों को बाजार के लिए तैयार और सत्यापित उद्यमों में परिवर्तित करना है। चयनित प्रतिभागियों को दो माह के विशेष इन्क्यूबेशन कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा। संस्थान ने कृषि यंत्रीकरण अथवा कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे नवाचारकर्ताओं और स्टार्ट–अप्स से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। इच्छुक प्रतिभागी CIRCOT SHITIJ 2.0 कार्यक्रम के माध्यम से अपने अभिनव समाधानों को नई दिशा दे सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार पुलिस द्वारा आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिटी कप बैडमिंटन टूर्नामेंट–2026 का कल समापन हुआ। समापन समारोह में पुलिस महानिदेशक रविंद्र सिंह यादव, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में खिलाड़ी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, प्रायोजक तथा खेल प्रेमियों ने भी भाग लिया। 9 से 12 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता की थीम फिटनेस, एकता और नशामुक्त समाज के लिए खेल रही। इस वर्ष प्रतियोगिता में बारह स्पर्धाओं में एक सौ सोलह टीमों ने हिस्सा लिया, जो अंडमान एवं निकोबार पुलिस द्वारा आयोजित अब तक का सबसे बड़ा बैडमिंटन टूर्नामेंट रहा। प्रतियोगिता में 10 वर्षीय आराध्या सबसे कम उम्र की प्रतिभागी रहीं, जबकि इक्सठ वर्षीय बेबी नज़राना सबसे वरिष्ठ प्रतिभागी थीं। मुख्य अतिथि डी जी पी रविंद्र सिंह यादव ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सौहार्द और राष्ट्र निर्माण का प्रभावी माध्यम हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने तथा महाकवि कालिदास जयंती के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा 'महाकवि कालिदास राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव–2026' का आयोजन किया जाएगा। 'भारत स्पीक्स थ्रू थिएटर : युवा रंगमंच से राष्ट्र जागरण' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से किया जाएगा।

महोत्सव के तहत 15 जुलाई को शाम 6 बजे राजधानी श्री विजयपुरम में दो अलग–अलग सभागारों में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से संबंधित दो 20 मिनट की नाट्य प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। सरकारी बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं 'कालापानी–सेल्युलर जेल की पुकार' नाटक का मंचन करेंगी। वहीं, सरकारी माध्यमिक विद्यालय, जंगलीघाट के विद्यार्थी 'नेताजी–आजादी के ज्वालामुखी' नाटक का मंचन करेंगे। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और रंगमंच के माध्यम से राष्ट्रीय जागरण की भावना को सुदृढ़ करना है।

<><><><><><><>

संगीत नाटक अकादमी द्वारा 15 जुलाई को शाम 6 बजे देशभक्ति विषय पर आधारित विशेष नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, श्री विजयपुरम तथा राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एबरडीन में होगा। यह आयोजन वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे समारोहों की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना तथा वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व से नई पीढ़ी को परिचित कराना है।

<><><><><><><>

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने यूटी हेल्थ मिशन के सहयोग से पीएचसी मंगलूटन के अधिकार क्षेत्र में गुप्तापाड़ा सामुदायिक भवन में 'परिवार विकास मेला' का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन "जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल" थीम के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएचसी मंगलूटन की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरप्रीत कौर ने किया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सेवा निदेशक, डॉ. एच. एम. सिद्धाराजू ने विवाह की उचित आयु, परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों को अपनाने तथा स्वस्थ परिवार के निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि एवं गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायत के प्रधान दुर्लभ दास ने जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम के जोड़ाकिलान स्थित श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर, में श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन 16 से 24 जुलाई तक किया जाएगा। यह रथयात्रा श्री श्री राधेश्याम मंदिर, भातूबस्ती से प्रारंभ होकर श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर, जोड़ाकिलान, नेताजी नगर, दक्षिण अंडमान में संपन्न होगी।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026–27 (ऑड सेमेस्टर) के लिए अतिथि सहायक प्राध्यापक एवं अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती हेतु साक्षात्कार का आयोजन 20 और 21 जुलाई को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट dbrait.andamannicobar.gov.in देख सकते है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने बी.टेक पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री (प्रत्यक्ष प्रवेश) के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। संस्थान के अनुसार लेटरल एंट्री (डिग्री) प्रवेश परीक्षा 30 जुलाई को आयोजित की जाएगी। विस्तृत पाठ्यक्रम MSBTE के ई–कंटेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>